

पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को पहला मुकाबला

टूर्नामेंट में भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को दुबई में होने वाले मुकाबले के साथ करेगी। भारत का अगला मुकाबला 31 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा, उसके बाद टीम को तीन नवंबर को अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत को सुपर 12 मैच के बचे हुए दो मैचों को ग्रुप बी के विजेता (दुबई में पांच नवंबर) और ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम (दुबई में आठ नवंबर) के खिलाफ खेलना है।

## बुर्ज खलीफा पर दिखा टीम इंडिया की जर्सी का जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय नैशनल क्रिकेट टीम की नई जर्सी का अनावरण बुधवार को किया गया, जो विराट कोहली ऐंड कंपनी संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में खेले जाने वाले टी–20 वर्ल्ड कप–2021 में पहनेगी। इस जर्सी का स्वागत जबरदस्त अंदाज में हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी इमारत बुर्ज खलीफा पर टीम इंडिया की जर्सी को दिखाया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस मोमेंट का वीडियो ट्वीट पर शेयर किया है, जिसमें बुर्ज खलीफा टीम इंडिया की तस्वीरों से चमचमाता दिखाई दे रहा है। बता दें कि बीसीसीआई ने बुधवार को आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप–2021 के लिए टीम इंडिया की ऑफिशल जर्सी को लॉन्च किया था। बोर्ड ने ट्विटर पर विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा– जर्सी का पैटर्न प्रशंसकों के अरबों चीयर्स से प्रेरित है। बता दें कि भारत की मेजबानी में यह टी20 वर्ल्ड कप संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में खेला जाएगा।

# राहुल द्रविड़ की निगहबानी में होगी टीम इंडिया!

क्रिकेट

## नए कोच के चयन में उम्मीद से अधिक लग सकता है समय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राहुल द्रविड़ को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए टीम इंडिया का कोच बनाया जा सकता है। खबर है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस पूर्व खिलाड़ी से इस बारे में बात कर सकते हैं। मुख्य कोच रवि शास्त्री और कोर सपोर्ट स्टाफ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप के बाद समाप्त हो रहा है और बोर्ड को यह अहसास हो गया है कि नए कोच के चयन में उम्मीद से अधिक समय लग सकता है। ऐसे में अनुभवी राहुल द्रविड़ को थोड़े समय के लिए यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

सूत्रों के मुताबिक कुछ ऑस्ट्रेलियाई कोचों ने इस काम में दिलचस्पी दिखाई है लेकिन बोर्ड इसे लेकर ज्यादा उत्सुक नहीं है। बीसीसीआई का ध्यान फिलहाल किसी भारतीय को ही यह जिम्मेदारी देने का है। इसके बाद वह अन्य



विकल्पों की ओर देखेगा। असल में बीसीसीआई राहुल द्रविड़ को टीम इंडिया का पूर्णकालिक कोच बनाने का इच्छुक है लेकिन द्रविड़ फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं हैं। वह बहुत ज्यादा सफर नहीं करना चाहते हैं। द्रविड़ फिलहाल बेंगलुरु स्थित नैशनल क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से कोई कोच के पद के लिए कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है लेकिन वह इस बात पर नजर बनाए हुए है कि कौन इस पद के लिए मुफीद हो सकता है। भारतीय बोर्ड विज्ञापन जारी करने से पहले सभी संभावित उम्मीदवारों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना चाहता है।

एक बीसीसीआई अधिकारी ने कोच पद के विज्ञापन में देरी की वजह पर इंडियन एक्सप्रेस को बताया, हम यह देखना चाहते हैं कि सबसे पहले काबिल उम्मीदार अप्लाई करने का इच्छुक भी हो। हम ऐसी परिस्थिति नहीं चाहते हैं कि हमें आवेदन मिलें लेकिन कई भी उस पद के लिए सही न लगे। यह बोर्ड और उम्मीदवारों के लिए भी शर्मनाक स्थिति होगी। तो अच्छा होगा कि हम पहले एक सही उम्मीदवार तलाश लें। तब तक द्रविड़ को अंतरिम कोच बनाया जा सकता है। बोर्ड ने शुरुआत में इस बात पर भी विचार किया था कि रवि शास्त्री से ही न्यूजीलैंड सीरीज तक के लिए अपने पद पर बने रहने का आग्रह किया जाए लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया। द्रविड़ हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गई दूसरे दर्जे की भारतीय टीम के कोच थे। जब मुख्य टीम इंग्लैंड में सीरीज खेल रही थी। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में तीन टी20 और दो टेस्ट मैच खेलने हैं। यह दौरा टी20 वर्ल्ड कप के फौरन बाद होगा।

# मैं कभी भी आर अश्विन को अपनी टी20 टीम में नहीं रखूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि उनकी टी20 टीम में आर अश्विन जैसा गेंदबाज कभी नहीं होगा। पूर्व बल्लेबाज ने यह भी कहा कि वह सुनील नरेन या वरुण चक्रवर्ती जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाजों को अपनी टीम में रखना पसंद करेंगे। मांजरेकर की टिप्पणी तब आई जब अश्विन आइपीएल के दूसरे क्वालीफायर में केकेआर के खिलाफ आखिरी ओवर में सात रन का बचाव करने में विफल रहे।

अश्विन ने लगातार दो गेंदों पर शाकिब अल हसन और नरेन का विकेट चटकाकर असाधारण शुरुआत की, लेकिन उन्होंने राहुल त्रिपाठी को आफ स्टंप के बाहर

अश्विन के बारे में बात करने में काफी समय खर्च किया: मांजरेकर

हाफ–ट्रैकर वाइड दिया, जिसे बल्लेबाज ने लांग आफ के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया और केकेआर को तीन विकेट से जीत दिलाई। अश्विन काफी सहज लग रहे थे, लेकिन आखिरी ओवर की एक गेंद टीम पर भारी पड़ गई और टीम फाइनल की रेस से बाहर हो गई। इसी को लेकर गावस्कर ने अश्विन पर निशाना साधा है।

संजय मांजरेकर ने कहा, हमने अश्विन के बारे में बात करने में काफी समय खर्च किया है। टी20 क्रिकेट में अश्विन एक गेंदबाज के रूप में किसी भी टीम के लिए बड़ी ताकत नहीं हैं। अगर आप अश्विन को बदलना चाहते हैं तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है, क्योंकि वह पिछले पांच–सात सालों से ऐसे ही हैं। मैं समझ सकता हूं कि टेस्ट मैचों में हम अश्विन के साथ रहते हैं, जहां वह शानदार हैं। उनका इंग्लैंड में एक भी टेस्ट मैच नहीं खेलना एक उपहास था, लेकिन जब बात आइपीएल और टी20 क्रिकेट की हो तो अश्विन पर इतना समय बिताना सही नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि उसने पिछले पांच वर्षों में हमें दिखाया है कि उसने बिल्कुल वैसी ही गेंदबाजी की है और मेरी टीम में अश्विन जैसा कोई नहीं होगा, क्योंकि अगर मुझे टर्निंग पिच मिलती है तो मैं वरुण चक्रवर्ती या सुनील नरेन या (युजवेंद्रा) चहल जैसे लोगों से उम्मीद करूंगा।

## धौनी की सेना को इयोन मोर्गन की टीम के साथ भिड़ना है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2021 के फाइनल में दो टीमों ने जगह बना ली है और यहां तक पहुंचने वाली पहली टीम चेन्नई सुपर किंग्स रही। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब खिताबी जीत के लिए एम एस धौनी की सेना को इयोन मोर्गन की टीम के साथ भिड़ना है। सीएसके ने जहां रिकार्ड 9वीं बार आइपीएल फाइनल में जगह बनाई है तो वहीं केकेआर की टीम तीसरी बार इस मुकाम तक पहुंची है। धौनी की कप्तानी में इस सीजन से पहले सीएसके 8 बार फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन उसे खिताबी जीत तीन बार ही मिली जबकि पांच बार टीम को उप–विजेता रहकर संतोष करना पड़ा। वहीं केकेआर की बात करें तो इस सीजन से पहले ये टीम दो बार फाइनल तक पहुंची और दोनों ही बार खिताब जीतने में सफल रही। एक तरफ जहां सीएसके धौनी की कप्तानी में तीन बार खिताब जीत चुकी है तो वहीं केकेआर गौतम गंभीर की कप्तानी में दो बार ये कमाल कर चुकी है।

## न्यूज डायरी



### मौका–मौका... भारत अे पाकिस्तान हाई टेंपर क्लैश से पहले आ गया नया वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत हो और मौका–मौका का वीडियो न आए ऐसा कैसे हो सकता है। 24 अक्टूबर को टी–20 वर्ल्ड कप में होने वाले इस हाई टेंपर मुकाबले को लेकर फैंस रोमांचित हैं। ऐसे में हर बार की तरह इस बार भी टूर्नामेंट की ऑफिशल ब्रॉडकास्टर श्स्टार स्पोर्ट्सश ने मशहूर विज्ञापन की सीरीज का नया वीडियो जारी किया है। रिलीज यह वीडियो लोगों के बीच खूब पॉपुलर हो रहा है। सोशल मीडिया पर एक बार फिर पाकिस्तान को लेकर मीम्स की बाढ़ सी आ गई है। वीडियो में पाकिस्तान के पुराने वाले फैन को ही दिखाया गया है, जो दुबई के एक मॉल में टीवी खरीदने जाता है। वह दुकानदार से बड़ी टीवी मांगता है, जिस पर वह अपनी टीम की जीत देख सके। ऐसे में दुकानदार उसे दो टीवी देता है और कहता है कि आपके लिए एक पर एक फ्री है। एक तोड़ने के काम भी आएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड कप के हर फॉर्मेट में भारत ने पाकिस्तान को हराया है।

### सभी खिलाड़ियों को फिर से वापस लाने के लिए हर कोशिश करूंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2022 के लिए अपनी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को बनाए रखना चाहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स का आइपीएल 2021 अभियान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली हार के साथ समाप्त हुआ। राहुल त्रिपाठी ने अंतिम ओवर में अश्विन की गेंद पर छक्का जड़ा और दिल्ली की टीम क्वालीफायर 2 में हार गई। पोंटिंग ने कहा है कि खिलाड़ियों के शानदार समूह के साथ आइपीएल 2021 का खिताब नहीं जीतने से वे निराश हैं, लेकिन अगले साल जब नीलामी होगी तो वे ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को अपने साथ रखना चाहेंगे। मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में रिकी पोंटिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सभी को टीम में रखना चाहता हूं। हमें दिल्ली कैपिटल्स में लोगों का यह शानदार समूह मिला है। पिछले कुछ सत्रों में खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और कोचों ने अद्भुत काम किया है और मुझे लगता है कि हमारा प्रदर्शन खुद के लिए बोलता है।

### हार्दिक पांड्या को टी20 विश्व कप में निभानी है धौनी वाली जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 विश्व कप के लिए जो भारत की 15 सदस्यीय टीम फाइनल की गई है, उसमें सिर्फ एक कमी थी कि टीम के पास कोई मैच फिनिशर नहीं था। हालांकि, अब ये दुविधा समाप्त होने जा रही है, क्योंकि आलराउंडर हार्दिक पांड्या को जिस उद्देश्य से टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में जगह मिली थी, उस पर वे खरे नहीं उतर रहे हैं, लेकिन उनको एमएस धौनी वाली भूमिका दी जा रही है कि वे आखिर में एक बल्लेबाज के तौर पर मैच फिनिश करें। भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा पिछले कुछ दिनों में हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या की पीठ का आकलन करने के साथ, यह निर्णय लिया गया है कि वह मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप में मैच फिनिशर होंगे।

### टेस्ट में बेस्ट और वर्ल्ड कप में परफेक्ट बल्लेबाज रहे हैं गौतम गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किसी को जुबानी जंग में मात देनी हो, किसी को बल्ले से जवाब देना हो या फिर मैदान पर आक्रामक नजर आना हो, ये सभी काम गौतम गंभीर के लिए बाएं हाथ का खेल रहा है। जी हां, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने देश के लिए लंबे समय तक क्रिकेट खेली और अब क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे नई दिल्ली (पूर्वी दिल्ली सीट) से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद भवन तक पहुंच गए हैं। जिस तरह वे क्रिकेट के मैदान पर अपने विरोधियों पर बरसते थे, उसी प्रकार गौतम गंभीर अपने राजनीतिक विरोधियों पर भी प्रहार करते हैं। आज गौतम गंभीर का 40वां जन्मदिन है और इस मौके पर हम आपको बताने जा रहे हैं कि गौतम गंभीर ने अपने क्रिकेटर करियर में क्या कुछ हासिल किया है।